The Question Paper consists of 36 questions and 8 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 36 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Code No.** **59/OS/2**
**कोड नं०**

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Set / सेट** **B**

# HOME SCIENCE
## ( गृह विज्ञान)
## (216)

Day and Date of Examination ..............................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..............................................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..............................................................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

3. For the objective type of questions, you have to choose any one of the four alternatives given in the question, i.e., (A), (B), (C) or (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.

4. All the questions including objective-type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective-type questions.

5. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

6. Write your Question Paper Code No. 59/OS/2, Set B on the Answer-Book.

7. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, If you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

***सामान्य अनुदेश*** :

1. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें।

4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।

5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

6. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र का कोड नं० 59/OS/2, सेट [B], लिखें।

7. (क) प्रश्न–पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# HOME SCIENCE

## गृह विज्ञान

## (216)

Time : 2½ Hours ] [ Maximum Marks : 85

समय : 2½ घण्टे ] [ पूर्णांक : 85

*Note* : (i) **All** questions are **compulsory**.

(ii) **Marks** are indicated against each question.

**निर्देश** : (i) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के **अंक** उसके सामने दिये गये हैं।

**1.** Which of the following is not a source of protein? 1

(A) Rajma (B) Milk

(C) Apple (D) Egg

निम्न में से कौन-सा प्रोटीन का स्रोत नहीं है?

(A) राजमा (B) दूध

(C) सेब (D) अण्डा

**2.** To remove blood stains from cotton fabric you should use 1

(A) talcum powder (B) cold water and soap

(C) hot iron (D) hot water and soap

सूती कपड़े से रक्त के धब्बे उतारने के लिए आप क्या प्रयोग करेंगे?

(A) टैल्कम पाउडर (B) साबुन व ठंडा पानी

(C) गर्म इस्तरी (D) गर्म पानी व साबुन

**3.** When the gas cylinder in your kitchen starts leaking you should immediately 1

(A) light a matchstick (B) put on all the lights

(C) open all windows (D) All of the above

आपके रसोईघर में अचानक गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव शुरू हो जाता है। इस स्थिति में आप तुरंत क्या करेंगे?

(A) माचिस की तीली जला देंगे  (B) सभी बत्तियाँ जला लेंगे

(C) सभी खिड़कियाँ खोल देंगे  (D) उपर्युक्त सभी

**4.** Stiff neck with difficulty in chewing and swallowing is a typical symptom of 1

(A) malaria  (B) influenza

(C) typhoid  (D) tetanus

गर्दन में अकड़न के साथ चबाने व निगलने में कठिनाई किस रोग का लक्षण है?

(A) मलेरिया  (B) इन्फ्लूएंजा

(C) टायफॉयड  (D) टिटनस

**5.** Eggs do not have 1

(A) iron  (B) protein

(C) vitamin C  (D) vitamin A

अण्डों में कौन-सा पोषक-तत्त्व नहीं होता है?

(A) लौह तत्त्व  (B) प्रोटीन

(C) विटामिन C  (D) विटामिन A

**6.** Which of the following is not an example of a human resource? 1

(A) Energy  (B) Skill

(C) Knowledge  (D) Money

निम्न में से कौन-सा मानवीय संसाधन का एक उदाहरण नहीं है?

(A) ऊर्जा  (B) कौशल

(C) ज्ञान  (D) पैसा

**7.** In which parenting style do parents involve their children in decision making? 1

(A) Democratic (B) Permissive

(C) Autocratic (D) Psychiatric

लालन-पालन की किस पद्धति में माता-पिता निर्णय लेते समय अपने बच्चों की सहमति लेते हैं?

(A) लोकतांत्रिक (B) अनुज्ञात्मक

(C) निरंकुशवादी (D) मनोवैज्ञानिक

**8.** Which of the following is an example of non-biodegradable product? 1

(A) Tin (B) Wool

(C) Cotton (D) Flower petals

निम्न में से कौन-सा गैर-जैव अक्रमणीय अपशिष्ट पदार्थ का एक उदाहरण है?

(A) टीन (B) ऊन

(C) सूती-वस्त्र (D) फूल की पंखुड़ियाँ

**9.** Which food group is placed at the base of the food pyramid and why? 2

कौन-सा खाद्य समूह, खाद्य पिरामिड की सतह पर (सबसे नीचे) है और क्यों?

**10.** List *four* ways in which a person working in an office can save his time and energy while doing his work. 2

किन **चार** तरीकों द्वारा एक ऑफिस में कार्य करने वाला व्यक्ति कार्य करते समय अपनी ऊर्जा व समय की बचत कर सकता है?

**11.** List any *four* factors that influence a family spends on different items. 2

एक परिवार विभिन्न मदों पर कितना खर्च करेगा, यह किन कारकों पर निर्भर करेगा? कोई **चार** कारक लिखें।

**12.** Give any *two* wage employment opportunities in the catering area of Home Science. 2

गृह विज्ञान के केटरिंग क्षेत्र में उपलब्ध **दो** वेतन रोज़गार के अवसर सुझाएँ।

**13.** Suggest any *four* sources of entertainment for your grandparents. 2

अपने दादा-दादी के लिए **चार** मनोरंजन के साधन सुझाएँ।

**14.** What is a balanced diet? 2

संतुलित आहार से क्या अभिप्राय है?

**15.** What are the advantages and disadvantages of using a pressure cooker for cooking? 2

प्रेशर कुकर में खाना पकाने की विधि के लाभ व हानि बताएँ।

**16.** Define fertilization and zygote. 2

निषेचन एवं युग्मनज को परिभाषित करें।

**17.** How is tye and dye done? What is this technique called in Rajasthan? 2

टाइ और डाइ कैसे की जाती है? इस तकनीक को राजस्थान में किस नाम से जाना जाता है?

**18.** What do you understand by lifestyle diseases? Give any *two* examples. 2

जीवनशैली रोग से आपका क्या अभिप्राय है? किन्हीं **दो** जीवनशैली रोगों के नाम लिखें।

**19.** A woman has her last menstrual period March 6 to March 10, 2019. Calculate her expected date of delivery. 2

एक महिला की अंतिम रजोधर्म अवधि 6 मार्च से 10 मार्च, 2019 है। उसके प्रसव की संभावित तिथि का अनुमान लगाएँ।

**20.** Give *two* main characteristics of twill weave. 2

ट्विल बुनाई की **दो** मुख्य विशेषताएँ बताएँ।

**21.** A newborn weighs 2·5 kg at birth. What would be his approximate weight at one year? 2

एक नवजात शिशु का जन्म पर भार 2·5 किलोग्राम है। एक वर्ष पर उसका अनुमानित भार कितना होगा?

**22.** Samir, a teenager, keeps to himself and avoids talking to his parents. He seems to be under a lot of stress. Suggest *two* ways in which his parents can help him. 2

समीर एक किशोर है, जो अकेला बैठा रहता है और अपने माता-पिता से बात करने से कतराता है। ऐसा लगता है कि जैसे वह तनावग्रस्त है। उसके माता-पिता किन **दो** तरीकों से उसकी सहायता कर सकते हैं?

**23.** Ten-year-old Sudha is often tempted to pick up fancy hair clips from the store near her house. Today she put one in her pocket and brought it home. At home her mother noticed the new clip. But ignored it thinking that Sudha had done it in innocence. In this situation do you agree with Sudha's mother? Give reasons for your answer. 2

दस-वर्षीय सुधा जब भी अपने घर के पास की दुकान पर बालों के सुंदर क्लिप देखती है, तो उन्हें पाने के लिए लालायित हो जाती है। आज उसने दुकान से एक सुंदर क्लिप उठाकर अपनी जेब में डाल लिया और उसे वह घर ले आई। घर पर उसकी माँ ने यह क्लिप देख लिया। उसकी माँ ने उसकी इस हरकत को नज़रअंदाज कर दिया। उसने सोचा की सुधा ने यह सब भोलेपन में किया होगा। इस स्थिति में क्या आप सुधा की माँ से सहमत हैं? कारण सहित उत्तर दें।

**24.** What are the advantages of making toilets with septic tanks? 3

सेप्टिक टैंक पर आधारित टॉयलेट बनाने के लाभ लिखें।

**25.** What is a yarn? List the various steps followed for making yarns. 3

सूत से क्या समझते हैं? सूत बनाने के विभिन्न चरण क्रमानुसार लिखें।

**26.** State *three* principles of food preservation and give *one* example of preservation in each case. 3

खाद्य संरक्षण के **तीन** सिद्धांत, प्रत्येक का **एक** उदाहरण सहित, प्रस्तुत करें।

**27.** What is a time plan? Mention *two* benefits of making a time plan. 3

समय-योजना से क्या समझते हैं? समय-योजना बनाने के **दो** लाभ लिखें।

**28.** How does play help in the development of a growing child? 3

एक बढ़ते बच्चे के विकास में खेल किस प्रकार सहायक है?

**29.** Write *two* symptoms of each of the following diseases: 4

*(a)* hepatitis *(b)* cholera

निम्न में से प्रत्येक रोग के **दो–दो** लक्षण लिखें:

(क) पीलिया (ख) हैजा

**30.** Write a slogan on the need to control air pollution. Also suggest *two* ways to control air pollution in the city. 4

वायु प्रदूषण को नियंत्रित करना क्यों आवश्यक है, इस पर एक स्लोगन बनाएँ । इसके अतिरिक्त **दो** तरीके सुझाएँ, जिनकी सहायता से वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकता है।

**31.** How will you make a small house appear more comfortable and functional with adequate storage? 4

एक छोटे मकान को अधिक आरामदायक, बहु-उपयोगी व भंडारणयुक्त आप कैसे बनाएँगे?

**32.** Mention any *four* problems faced by a consumer. 4

एक उपभोक्ता को किन **चार** समस्याओं का सामना करना पड़ता है?

**33.** Which are the steps will you follow while laundering your synthetic shirt? 4

कृत्रिम (सिंथेटिक) तंतु से बनी कमीज़ की धुलाई के चरण लिखें।

**34.** Mention any *four* characteristics of a good budget. 4

एक अच्छे बजट के कोई **चार** गुण लिखें।

**35.** Using all five food groups, plan a balanced lunch for an adolescent girl. 4

पाँचों खाद्य वर्गों का प्रयोग कर एक किशोरी के लिए संतुलित दोपहर के भोजन का आयोजन करें।

**36.** Development follows a fixed pattern or sequence. Explain giving examples. 4

विकास एक निर्धारित पैटर्न/क्रम में होता है। उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

★ ★ ★